# आर.ए.एस./आर.टी.एस.
# प्रारंभिक परीक्षा-2018
# (सामान्य ज्ञान और सामान्य विज्ञान)
# मॉडल पेपर-3

**समय: 3 घंटे** **अधिकतम अंक: 200**

1. बुद्ध द्वारा पहली बार उपदेश देने की महत्त्वपूर्ण घटना की स्मृति में कहाँ स्तूप का निर्माण किया गया था?
   (1) भरहुत (2) अमरावती
   (3) सारनाथ (4) साँची

2. निम्नलिखित में से किसने 'राजतरंगिणी' की रचना की थी?
   (1) कालिदास (2) कल्हण
   (3) बाणभट्ट (4) विल्हण

3. सूची-I को सूची II के साथ सुमेलित करते हुए नीचे दिये गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये:

| सूची-I (धातु) | सूची-II (प्राप्ति स्थान) |
|---|---|
| A. टिन | (i) कर्नाटक |
| B. सोना | (ii) छत्तीसगढ़ |
| C. तांबा | (iii) आंध्र प्रदेश |
| D. सीसा | (iv) राजस्थान |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (4) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |

4. वैदिक संस्कृति के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   A. समाज में व्यवस्था बनाए रखने के लिये गुप्तचर रखे जाते थे।
   B. इस काल में परिवार पितृतंत्रात्मक था।
   C. इस काल में बाल विवाह का प्रचलन था।
   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन गलत है/हैं?
   (1) केवल A (2) केवल C
   (3) केवल A और B (4) A, B और C

5. निम्नलिखित में से किस राजा को भारत का नेपोलियन कहा जाता है?
   (1) स्कंदगुप्त (2) चंद्रगुप्त द्वितीय
   (3) समुद्रगुप्त (4) अशोक

6. चोलकाल में 'ग्राम प्रशासन' की इकाई थीं-
   (1) उर और मंडल (2) नाडु और वलनाडु
   (3) मंडल और प्रांत (4) उर और महासभा

7. निम्नलिखित में से कौन जैव विकास की अवधारणा से संबंधित है?
   (1) राबर्ट व्हिटेकर (2) कार्ल वोस
   (3) चार्ल्स डार्विन (4) अर्न्सट हेकेल

8. निम्नलिखित में से कौन-सी अधातु सामान्य वातावरण में द्रव अवस्था में पाई जाती है?
   (1) ब्रोमीन (2) आयोडीन
   (3) हाइड्रोजन (4) कार्बन

9. अवायवीय श्वसन और वायवीय श्वसन दोनों ही प्रक्रमों में निम्नलिखित में से कौन-सी प्रक्रिया समान है?
   (1) ग्लूकोज जो कि एक छः कार्बन वाला अणु है, का तीन कार्बन वाले अणु पायरुवेट में विखंडन।
   (2) पायरुवेट का इथेनॉल और ग्लूकोज में विखंडन।
   (3) पायरुवेट का जल और कार्बन डाइऑक्साइड में विखंडन।
   (4) पायरूवेट का लैक्टिक अम्ल और कार्बन डाइऑक्साइड में विखंडन।

10. किस माध्यम में प्रकाश की चाल सर्वाधिक होती है?
    (1) हीरे में (2) निर्वात में
    (3) वायु में (4) जल में

11. 'आदर्श ईधन' के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?
    (1) इसका ऊष्मीय मान निम्न तथा ज्वलन ताप अत्यधिक होता है।
    (2) यह आसानी से जलने वाला तथा इसका उष्मीय मान उच्च होता है।
    (3) यह सस्ता, आसानी से उपलब्ध तथा वहन योग्य होता है।
    (4) यह ऐसी गैसें या अवशेष नहीं छोड़ता जो पर्यावरण को प्रदूषित करते हों।

12. निम्नलिखित में से किसने सर्वप्रथम यूरोप, अफ्रीका व अमेरिका के साथ जुड़े होने की संभावना व्यक्त की थी?
    (1) एनटोनिया पेलेग्रिनी
    (2) अब्राहम ऑरटेलियस
    (3) आर्थर होम्स
    (4) अल्फ्रेड वेगनर

13. निम्नलिखित में से किस प्रकार की अपक्षय प्रक्रिया के फलस्वरूप 'भूमिगत गुफाओं' का निर्माण होता है?
    (1) रासायनिक एवं जैविक अपक्षय
    (2) रासायनिक अपक्षय
    (3) भौतिक अपक्षय या यांत्रिक अपक्षय
    (4) जैविक अपक्षय

14. समताप रेखाओं का दक्षिणी गोलार्द्ध की अपेक्षा उत्तरी गोलार्द्ध में अधिक विचलन होता है। इसका प्रमुख कारण क्या है?
   (1) दक्षिण गोलार्द्ध का तापमान उत्तरी गोलार्द्ध से अधिक होता है।
   (2) उत्तरी गोलार्द्ध में वनों का प्रतिशत दक्षिणी गोलार्द्ध से ज़्यादा है।
   (3) दक्षिणी गोलार्द्ध की अपेक्षा उत्तरी गोलार्द्ध से स्थलीय भाग अधिक है।
   (4) उपर्युक्त सभी

15. विश्व में सर्वाधिक लवणता पाई जाती है-
   (1) वॉन झील में (2) मृत सागर में
   (3) ग्रेट सॉल्ट लेक में (4) सांभर झील में

16. 'पामीर ग्रंथि अवस्थित है-
   (1) यूरोप के पश्चिमी भाग में
   (2) दक्षिणी-पश्चिमी एशिया में
   (3) दक्षिण-मध्य एशिया में
   (4) दक्षिण-पूर्व एशिया में

17. भारत में संसदीय प्रणाली की सरकार है, क्योंकि-
   (1) मंत्रिपरिषद, लोकसभा के प्रति उत्तरदायी है।
   (2) राज्यसभा को भंग नहीं किया जा सकता है।
   (3) लोकसभा जनता द्वारा प्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित होती है।
   (4) संसद संविधान में संशोधन कर सकती है।

18. भारत के प्रभानमंत्री की नियुक्ति के समय-
   (1) आवश्यक रूप से लोकसभा का सदस्य होना चाहिये।
   (2) संसद के दोनों सदनों में से एक का आवश्यक रूप से सदस्य होना चाहिये।
   (3) ज़रूरी नहीं है कि वह संसद के दोनों सदनों में से एक का आवश्यक रूप से सदस्य हो, परंतु उसे छः माह के अंदर आवश्यक रूप से दोनों में से एक सदन का सदस्य हो जाना चाहिये।
   (4) ज़रूरी नहीं है कि वह संसद के दोनों सदनों में से एक का आवश्यक रूप से सदस्य हो, परंतु उसे छः माह के अंदर लोकसभा का सदस्य हो जाना चाहिये।

19. नीचे कुछ राज्यों तथा राज्यसभा में उन्हें आवंटित सदस्य संख्या दी गई है। उनमें से कौन सुमेलित नहीं है?
   (1) पश्चिम बंगाल - 14
   (2) उत्तर प्रदेश - 31
   (3) राजस्थान - 10
   (4) मध्य प्रदेश - 11

20. नीचे दिये गए राज्यों को भारत संघ के संपूर्ण राज्य का दर्जा प्राप्त होने का सही कालानुक्रम कौन-सा है?
   (1) झारखंड - मिज़ोरम - नागालैंड - सिक्किम
   (2) मणिपुर - सिक्किम - मिज़ोरम - झारखंड
   (3) सिक्किम - मणिपुर - झारखंड - मिज़ोरम
   (4) मिज़ोरम - मणिपुर - झारखंड - सिक्किम

21. सूची-I को सूची II के साथ सुमेलित करते हुए नीचे दिये गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये:

| **सूची-I (अनुच्छेद)** | **सूची-II (विषय/प्रावधान)** |
|---|---|
| A. अनुच्छेद - 14 | (i) अपराधों के लिये दोषसिद्धि के संबंध में संरक्षण |
| B. अनुच्छेद - 17 | (ii) विधि के समक्ष समता |
| C. अनुच्छेद - 20 | (iii) अस्पृश्यता का अंत |
| D. अनुच्छेद - 29 | (iv) अल्पसंख्यक-वर्गों के हितों का संरक्षण |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (3) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |

22. बीमा क्षेत्र के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   A. बीमा की पहुँच को सकल घरेलू उत्पाद से एक विशेष वर्ष में प्रीमियम के अनुपात के रूप में परिभाषित किया जाता है।
   B. बीमा सघनता को कुल जनसंख्या से एक विशेष वर्ष में प्रीमियम के अनुपात के रूप में परिभाषित किया जाता है।
   C. बीमा क्षेत्र की संभावना और निष्पादन का आकलन दो पैरामीटरों अर्थात बीमा पहुँच एवं बीमा संघनता के आधार पर किया जाना चाहिये।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं।
   (1) केवल A (2) केवल B
   (3) केवल A और B (4) A, B और C

23. भारत में थोक कीमत सूचकांक (WPI) निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी किया जाता है?
   (1) भारतीय रिज़र्व बैंक
   (2) केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय
   (3) श्रम ब्यूरो
   (4) औद्योगिक नीति और संवर्द्धन विभाग

24. हाल ही में किस राज्य ने आई.एस.ए. के 121 सहयोगी सदस्य देशों में असाधारण कार्य करने वाली महिला वैज्ञानिकों के लिये कल्पना चावला सोलर अवार्ड की शुरुआत करने की सहमति दी है?

(1) राजस्थान (2) हरियाणा

(3) उत्तर प्रदेश (4) पंजाब

25. 'जलवायु स्मार्ट कृषि' के प्रमुख उद्देश्यों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

A. ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन को कम करना।

B. कृषि उत्पादकता और आय को सतत रूप से बढ़ाना।

C. जलवायु परिवर्तन के संबंध में अनुकूलता को अंगीकार करना।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(1) केवल A (2) केवल B

(3) केवल A और C (4) A, B और C

26. हाल ही में 'द फायनेंशियल एंड इकोनॉमिक इंपेक्ट ऑफ एसबीएम इन इंडिया (2017)' नामक रिर्पोट किस अंतर्राष्ट्रीय संगठन द्वारा जारी की गई?

(1) विश्व व्यापार संगठन (2) विश्व बैंक

(3) यूनिसेफ (4) आई.एम.एफ

27. निम्नलिखित में से किस एक के द्वारा परितंत्र (Ecosystem) शब्द का सर्वोत्तम भाव स्पष्ट होता है?

(1) किसी भौगोलिक क्षेत्र के वनस्पति-जात और प्राणि जात।

(2) एक-दूसरे से अन्योन्यक्रिया करने वाले जीवों का एक समुदाय

(3) पृथ्वी का वह भाग जो सजीव जीवों द्वारा आवासित है।

(4) जीवों का समुदाय और साथ ही वह पर्यावरण जिसमें वे रहते हैं।

28. समुद्री वातावरण में मुख्य प्राथमिक उत्पादक होते हैं-

(1) समुद्री अपतृण (2) फाइटोप्लैन्कटॉन्स

(3) जलीय ब्रायोफाइट्स (4) समुद्री आवृतबीजी

29. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार निम्नलिखित में से राजस्थान के दो शीर्ष अनुसूचित जाति जनसंख्या प्रतिशत वाले ज़िले कौन-से हैं?

(1) भरतपुर और चुरू

(2) गंगानगर और हनुमानगढ़

(3) डूंगरपुर और राजसमंद

(4) करौली और उदयपुर

30. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा राजस्थान के शीर्ष महिला साक्षरता से संबंधित सही क्रम है?

(1) कोटा - जयपुर - झुंझुनूँ - गंगानगर

(2) गांगानगर - सीकर - कोटा - जयपुर

(3) जयपुर - सीकर - झुंझुनूँ - कोटा

(4) झुंझुनूँ - गंगानगर - सीकर - कोटा

31. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित है-

| | **लोकगीत** | **विवरण** |
|---|---|---|
| (1) | दारूड़ी - | विवाह के अवसर पर गाया जाने वाला गीत है। |
| (2) | माहेरा - | यह राजा-महाराजाओं की महफिलों में गाया जाता था। |
| (3) | पावणा - | दामाद के पहली बार ससुराल में आने पर गाया जाने वाला गीत है। |
| (4) | इंडोणी - | ये पर्वतीय क्षेत्रों में गाया जाने वाला गीत है। |

32. सूची-I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गए कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिये-

| **सूची-I (ख्याल का नाम)** | **सूची-II (क्षेत्र)** |
|---|---|
| A. जयपुरी ख्याल | (i) नागौर व निकटवर्ती क्षेत्र |
| B. अलीबख्शी ख्याल | (ii) जयपुर व निकटवर्ती क्षेत्र |
| C. कन्हैया ख्याल | (iii) अलवर (मुंडावर ठिकाना) |
| D. कुचामणी ख्याल | (iv) करौली |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (3) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (4) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

33. राणा सांगा से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

A. राणा सांगा ने 1519 ई. में 'गागरोण के युद्ध' में मालवा सुल्तान महमूद खिलजी- II को हराया था।

B. 1517 ई. में 'खातोली के युद्ध' में दिल्ली सुल्तान इब्राहिम लोदी को हराया था।

C. 1527 ई. में खानवा के युद्ध में बाबर को हराया था।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(1) केवल A (2) केवल B

(3) केवल A और B (4) A, B और C

34. निम्नलिखित में से किसे 'राजस्थान का पूर्वी प्रवेश द्वार कहा जाता है?
(1) भरतपुर (2) जयपुर
(3) अजमेर (4) दौसा

35. राजस्थान के चित्तौड़ में 'सिसोदिया वंश' की स्थापना कब और किसने की थी?
(1) 1113 ई. में अजयराज
(2) 1459 ई. में राव जोधा
(3) 1326 ई. में राणा हम्मीर
(4) 1433 ई. में राणा कुंभा

36. 'नवीन राजस्थान' नामक समाचार-पत्र कब प्रकाशित हुआ था?
(1) 1925 ई. में (2) 1922 ई. में
(3) 1919 ई. में (4) 1920 ई. में

37. जयपुर रियासत के प्रधानमंत्री सर मिर्जा इस्माइल व जयपुर प्रजामंडल के तत्कालीन अध्यक्ष श्री हीरालाल शास्त्री के बीच 'जेंटलमैन एग्रीमेंट' कब हुआ था?
(1) 1945 ई. में (2) 1940 ई. में
(3) 1942 ई. में (4) 1943 ई. में

38. उरैयूर किस लिये प्रसिद्ध था?
(1) घोड़ो के लिये।
(2) मोतियों के लिये।
(3) चेरो की राजधानी के लिये।
(4) प्राचीन काल में सूती कपड़ा के व्यापार के लिये।

39. निम्नलिखित मध्यकालीन संतों को कालक्रमानुसार लगाइये:
(1) मध्वाचार्य - रामानुज - शंकाराचार्य - वल्लभाचार्य
(2) रामानुज - वल्लभाचार्य - शंकराचार्य - मध्वाचार्य
(3) शंकराचार्य - रामानुज - मध्वाचार्य - वल्लभाचार्य
(4) वल्लभाचार्य - शंकराचार्य - मध्वाचार्य - रामानुज

40. 'जैनुल आबिदीन' के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?
(1) उसने संगीत पर पाबंदी लगा रखी थी।
(2) उसके न्याय-विभाग का मंत्री श्रीया भट्ट था।
(3) उसने जजिया और गोवध बंद करवा दिया था।
(4) उसने महाभारत और राजतरंगिणी का फारसी में अनुवाद कराया।

41. निम्नलिखित में से किसे 'दक्कन का नीरो' कहा जाता था?
(1) महमूदशाह बहमनी को
(2) शमसुद्दीन मुहम्मद-तृतीय को
(3) हुमायूँशाह को
(4) कल्लीमुल्लाशाह को

42. अभिलेखों के प्रकार के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
A. प्रयाग-प्रशस्ति राजाओं की गुण और कीर्तियों की प्रशंसा के अभिलेखों का उदाहरण है।
B. सम्राट अशोक के अभिलेखों में जनता और अधिकारियों के लिये राज्यादेश जारी किये जाते थे।
C. बौद्ध, जैन और वैष्णव संप्रदायों ने आनुष्ठानिक अभिलेख बनवाए थे।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(1) केवल A (2) केवल B
(3) केवल B और C (4) A, B और C

43. सूची-I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये:

| **सूची-I (स्थल)** | **सूची-II (अवशेष)** |
|---|---|
| A. बुर्जहोम | (i) कृषि |
| B. मेहरगढ़ | (ii) राख का ढेर |
| C. चिरांद | (iii) गर्तावास |
| D. पिक्लीहल | (iv) हड्डी के हथियार |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (4) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

44. 'द स्टोरी ऑफ इंडियन आर्कियोलॉजी' किसकी पुस्तक है?
(1) जॉन मार्शल (2) एस.एन. रॉय
(3) डी.डी. कौशांबी (4) स्टुअर्ट पिग्गट

45. छठी शताब्दी ई.पू. के सिक्कों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?
(1) सिक्कों को जारी करने का अधिकार केवल राजा के पास था।
(2) आहत सिक्के तांबे और चांदी में ढाले गए।
(3) सोने के सिक्के कुषाण राजाओं के द्वारा भी जारी किये गए थे।
(4) शासकों की प्रतिमा तथा नाम के साथ सिक्के सबसे पहले हिंद-यूनानी शासकों ने जारी किये थे।

46. 'उलुक' तथा 'दावा' व्यवस्था का संबंध तुगलक काल में निम्नलिखित में से किससे था?
(1) लंबी दूरी के व्यापार से
(2) शिल्प से
(3) समाज से नैतिकता बनाए रखने के लिये आवश्यक नियमों से
(4) डाक व्यवस्था से

47. एस-बेंड (S–Band) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

A. यह 3.0 गीगाहर्ट्ज तक की अल्ट्रा हाई फ्रीक्वेंसी (UHF) और सुपर हाई फ्रीक्वेंसी (SHF) के बीच की सीमा को पार करने में सक्षम है।

B. एस-बेंड का इस्तेमाल मौसम राडार, सतही समुद्री जहाज़ राडार और कुछ संचार उपग्रहों में किया जाता है।

C. यह 3.0 गीगाहर्ट्ज तक की अल्ट्रा हाई फ्रीक्वेंसी (UHF) और सुपर हाई फ्रीक्वेंसी (SHF) के बीच की सीमा को पार करने में सक्षम नहीं है।

D. एस-बेंड का स्पेक्ट्रम मोबाइल आधारित ब्रॉडबैंड सेवाओं की दृष्टि से भी अत्यंत उपयोगी होता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन गलत है/हैं?

(1) केवल A (2) केवल C

(3) A, B और C (4) B, C और D

48. निम्नलिखित में से किस देश की अंतरिक्ष एजेंसी मंगल ग्रह की संरचना, संगठन और उसकी बनावट संबंधी जानकारियों के विषय में गहराई से अध्ययन करने के उद्देश्य हेतु अपना एक नया यान 'इनसाइट' को मंगल गृह पर भेजने की तैयारी कर रही है?

(1) अमेरिका (2) चीन

(3) भारत (4) फ्राँस

49. 'हबल स्पेस टेलीस्कोप' को लोअर अर्थ ऑर्बिट (Lower Earth Orbit–LEO) में कब स्थापित किया गया था?

(1) वर्ष 1992 में (2) वर्ष 1993 में

(3) वर्ष 1990 में (4) वर्ष 1994 में

50. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म गलत सुमेलित है?

| | देश | GNSS प्रणाली (वैश्विक) |
|---|---|---|
| (1) | अमेरिका | - जीपीएस (GPS) |
| (2) | रूस | - ग्लोनास (Glonass) |
| (3) | यूरोपियन यूनियन | - गैलीलियो (Galileo) |
| (4) | चीन | - क्यूजेडएसएस (QZSS) |

51. 'ब्लैक बक' के सांस्कृतिक महत्त्व के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

A. राजस्थानी लोक कथाओं में देवी 'करणी माता' को ब्लैक बक का रक्षक बताया गया है।

B. ब्लैक बक का संबंध हड़प्पा काल से भी जोड़ा जाता है।

C. पुराणों में ब्लैक बक को वायु देवता तथा चंद्र देवता के वाहन के रूप में वर्णित किया गया है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(1) केवल A (2) केवल B

(3) केवल A और C (4) A, B और C

52. निम्नलिखित में से किस झील में स्थित सबसे बड़े टापू को 'बाबा का भागड़ा' नाम से जाना जाता है?

(1) जयसमंद झील (2) फतेह सागर झील

(3) डीडवाना झील (4) पचपदरा झील

53. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित है?

(1) सबसे शुष्क ज़िला - चूरू

(2) सबसे शुष्क स्थान - नवलगढ़ (झुंझुनूँ)

(3) सबसे गर्म ज़िला - बीकानेर

(4) सबसे ठंडा या आर्द्र स्थान - माउंट आबू (सिरोही)

54. निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य हजीरा-विजयपुर-जगदीशपुर पाइपलाइन से नहीं जुड़ा है?

(1) उत्तर प्रदेश (2) मध्य प्रदेश

(3) गुजरात (4) महाराष्ट्र

55. निम्नलिखित में से किन खदानों का लौह अयस्क विशाखापट्नम से जापान तथा दक्षिण कोरिया को निर्यात किया जाता है?

(1) चित्रदुर्ग (2) चंद्रपुर

(3) बैलाडिला (4) बादाम पहाड़

56. एल्युमीनियम धातु का सर्वाधिक निष्कर्षण निम्नलिखित में से किस अयस्क से किया जाता है?

(1) मैग्नेटाइट (2) बॉक्साइट

(3) कैल्शियम कार्बोनेट (4) जिंक ब्लैंड

57. कोपेन के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार भारत में 'शुष्क ग्रीष्म ऋतु वाली मानसून प्रकार' की जलवायु कहाँ पाई जाती है?

(1) तमिलनाडु के कोरोमंडल तट में

(2) अरुणाचल प्रदेश में

(3) पश्चिमी तट में

(4) राजस्थान के पश्चिमी भाग में

58. **कथन (A):** कावेरी नदी प्रायद्वीप की अन्य नदियों की अपेक्षा कम उतार-चढ़ाव के साथ लगभग पूरे साल बहती है।

**कारण (R):** कावेरी नदी के अपवाह क्षेत्र के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र में दक्षिण-पश्चिम मानसून (गर्मी) और निचले क्षेत्रों में उत्तर-पूर्वी मानसून (सर्दी) से वर्षा होती है।

**कूट:**

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं, एवं (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(3) (A) सही है, परंतु (R) गलत है।

(4) (A) गलत है, परंतु (R) सही है।

59. सिंधु नदी तंत्र में शामिल नदियों का उत्तर से दक्षिण की ओर सही क्रम है-
   (1) चेनाब, झेलम, सतुलज, रावी
   (2) झेलम, चेनाब, रावी, सतलुज
   (3) चेनाब, रावी, झेलम, सतलुज
   (4) सतलुज, झेलम, चेनाब, रावी

60. यह नदी 'चंद्रा' और 'भागा' दो सरिताओं के मिलने से बनती है। ये सरिताएँ हिमाचल प्रदेश में केलांग के निकट तांडी में आपस में मिलती हैं। इसलिये इसे 'चंद्रभागा' के नाम से भी जाना जाता है। उपर्युक्त विवरण किस नदी के संबंध में है?
   (1) चेनाब (2) झेलम
   (3) सतलुज (4) रावी

61. मानव कर्ण (कान) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   A. वायु में होने वाले विद्युत चुंबकीय परिवर्तनों को अश्रवणीय आवृत्तियों में बदलता है।
   B. वायु में होने वाले विद्युत चुंबकीय परिवर्तनों को श्रवणीय आवृत्तियों में बदलता है।
   C. श्रवणीय आवृत्तियों द्वारा वायु में होने वाले दाब परिवर्तनों को विद्युत संकेतों में बदलता है।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   (1) केवल A (2) केवल C
   (3) केवल B और C (4) A, B और C

62. नेटल पौधे के पत्तों को छूने पर डंक जैसा दर्द होता है। यह दर्द किस अम्ल के स्त्राव से होता है?
   (1) मेथैनॉइक अम्ल (2) साइट्रिक अम्ल
   (3) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल (4) ऑक्जेलिक अम्ल

63. सांसद स्थानीय विकास निधि योजना कब आरंभ की गई थी?
   (1) वर्ष 1998 में (2) वर्ष 1993 में
   (3) वर्ष 1996 में (4) वर्ष 1991 में

64. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?
   (1) विद्युत संयत्रों तथा अन्य उद्योगों से निकला गर्म जल भी जलाशयों की ताप वृद्धि करके एक प्रदूषक की तरह कार्य करता है।
   (2) आर्सेनिक, लेड, फ्लोराइड जैसे तत्व जल को प्रदूषित करते हैं जिनसे पौधो तथा पशुओं में आविषता उत्पन्न हो जाती है।
   (3) जल में नाइट्रेट एवं फास्फेट रसायनों की अधिक मात्रा शैवालों की वृद्धि हेतु हानिकारक है।
   (4) अशुद्ध जल से मृदा भी प्रभावित होती है जिससे उसकी अम्लीयता परिवर्तित हो जाती है।

65. निम्नलिखित में से कौन-सा एक उपकरण वाहन द्वारा तय की गई दूरी मापता है?
   (1) अल्टीमीटर (2) एक्सिलरोमीटर
   (3) ओडोमीटर (4) स्पीडोमीटर

66. प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?
   (1) इस योजना के अंतर्गत दुर्घटनावश मृत्यु होने पर ₹ 50 हजार दिये जाएंगे।
   (2) यह एक वर्षीय व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना है।
   (3) इसका फायदा उन लोगों को दिया जाता है जिनके पास किसी बैंक में बचत खाता है।
   (4) यह योजना 18 से 70 वर्ष तक की उम्र के लोगों के लिये है।

67. कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय का मुख्यालय कहाँ स्थित है?
   (1) नई दिल्ली (2) अहमदाबाद
   (3) चंडीगढ़ (4) हैदराबाद

68. निम्नलिखित में से कौन-सा खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग का प्रमुख कार्य नहीं है?
   (1) अनाज का बफर स्टॉक बनाए रखना।
   (2) न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खाद्यान्नों की खरीद
   (3) खाद्यान्न उत्पादन को बढ़ावा देना
   (4) खाद्यान्नों के उत्पादन, स्टॉक एवं मूल्यों की निगरानी करना।

69. हाल ही में चर्चा में रहे RAT का संबंध है-
   (1) एक मालवेयर से
   (2) देश के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में अबाधित तीव्रतर इंटरनेट सेवाओं को पहुँचाने से।
   (3) देश में भुगतान सेवाओं के डिजिटलीकरण हेतु एक अन्य विकल्प उपलब्ध कराने से।
   (4) देश के लघु एवं मध्यम उद्यमों को बेहतर तकनीकी सुविधा एवं डाटा एनालिटिक्स प्रदान कर उनके तीव्रतर विकास में सहयोगी बनने पर।

70. पोर्टेबल ऑप्टिकल डायग्नोस्टिक्स सिस्टम क्या है?
   (1) श्रवण संबंधी उपकरण
   (2) नेट कनेक्टिविटी के लिये ऑप्टिकल फाइबर का संजाल
   (3) प्रारंभिक चरण, मलेरिया का पता लगाने में सक्षम पोर्टेबल उपकरण
   (4) निपाह वायरस की जाँच संबंधी उपकरण

71. हाल ही में चर्चा में रहे मुस्का बादल में ध्वनि उत्पन्न होने का कारण किसे माना गया था?
   (1) उच्च वायुदाब (2) तापमान
   (3) चुंबकत्व (4) अत्यधिक ऊँचाई

72. हाल ही में चुनाव आयोग द्वारा देश भर के लोगों को वर्ष 2019 के आम चुनावों से पूर्व एक मोबाइल एप्लीकेशन उपलब्ध कराए जाने की घोषणा के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

A. यह एप्लिकेशन धन और बाहुबल के दुरुपयोग को रोकने के लिये यथास्थान फोटो, लघु ऑडियो और वीडियोक्लिप साझा करने की अनुमति देता है।

B. यह एक बहुभाषी मोबाइल एप्लिकेशन होगा।

C. यह एप्लिकेशन भ्रष्ट आचरणों की जाँच तथा एक स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने में बड़ी सार्वजनिक भागीदारी को प्रोत्साहित करेगा।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(1) केवल A (2) कवेल B

(3) केवल B और C (4) A, B और C

73. हाल ही में चर्चा में रहे 'लंबे समय तक सामाजिक अलगाव' से संबंधित शोध के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

A. सामाजिक अलगाव, मस्तिष्क में किसी विशेष प्रकार के रसायन के निर्माण के कारण बनता है, और इस रसायन को अवरुद्ध करने से अलगाव के नकारात्मक प्रभाव समाप्त हो जाते हैं।

B. मेढक पर हुआ यह प्रयोग, मनुष्यों पर पुराने तनावों के प्रभाव को समझने में महत्त्वपूर्ण साबित हो सकता है।

C. शोधकर्त्ताओं ने पाया कि लंबे समय के सामाजिक अलगाव से Tac2 जीन अभिव्यक्ति में वृद्धि हुई और पूरे मस्तिष्क में एनकेबी का उत्पादन हुआ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(1) केवल A (2) कवेल B

(3) केवल A और C (4) A, B और C

74. जननी सुरक्षा योजना का प्रमुख उद्देश्य है-

(1) किशोरियों को पोषण संबंधी समस्याओं से निजात दिलाना

(2) बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण

(3) महिलाओं को स्वास्थ्य शिक्षा हेतु डिजिटल माध्यम से जोड़ना

(4) गरीब महिलाओं के लिये स्वास्थ्य केंद्रों में प्रसव को बढ़ावा देना और मातृ तथा शिशु मृत्यु दर में कमी लाना

75. हाल ही में किस संस्था द्वारा 'राज्य स्टार्ट-अप रैकिंग फ्रेमवर्क' लॉन्च किया गया है?

(1) रिज़र्व बैंक

(2) ब्रिक्स बैंक

(3) नीति आयोग

(4) औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग

76. यदि अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व की किसी आर्द्रभूमि को 'मोंट्रेक्स रिकॉर्ड' के अधीन लाया जाए तो इससे क्या अभिप्राय है?

(1) इसे 'विश्व विरासत स्थल' की स्थिति प्रदान की गई है।

(2) मानव हस्तक्षेप के परिणामस्वरूप आर्द्रभूमि के पारिस्थितिकी स्वरूप में परिवर्तन हो गया है, हो रहा है या होना संभावित है।

(3) जिस देश में आर्द्रभूमि अवस्थित है, उसे आर्द्रभूमि के कोर से पाँच किमी के दायरे में मानव क्रियाकलाप को निषिद्ध करने के लिये विधि अधिनियमित करनी चाहिये।

(4) आर्द्रभूमि का बचा रहना इसके आस-पास रहने वाले कतिपय समुदायों की सांस्कृतिक प्रथाओं तथा परंपराओं पर निर्भर है और इसलिये उसके अंदर की सांस्कृतिक विविधता को नष्ट नहीं किया जाना चाहिये।

77. एक मनुष्य के जीवन को पूर्ण रूप से धारणीय करने के लिये आवश्यक न्यूनतम भूमि क्या है?

(1) निकेत (2) जीवोम

(3) पारिस्थितिकीय पदछाप (4) जीवजात

78. पारितंत्रो की घटती उत्पादकता के क्रम में उनका निम्नलिखित में से कौन-सा अनुक्रम सही है?

(1) महासागर, मैंग्रोव, झील, घास स्थल

(2) मैंग्रोव, घास स्थल, झील, महासागर

(3) महासागर, झील, घास स्थल, मैंग्रोव

(4) मैंग्रोव, महासागर, घास स्थल, झील

79. भारतीय संविधान की प्रस्तावना को "हमारे संप्रभु प्रजातांत्रिक गणतंत्र की जन्मकुंडली" किसने कहा है?

(1) के. एम. मुंशी (2) जवाहर लाल नेहरू

(3) बी.आर. अंबेडकर (4) सरदार वल्लभभाई पटेल

80. संसद द्वारा पारित किस अधिनियम में नागरिकता के अर्जन व समाप्ति के प्रावधान हैं?

(1) नागरिकता अधिनियम, 1955

(2) नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 1986

(3) नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2003

(4) नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2015

81. 6–14 वर्ष के बच्चों की अनिवार्य व नि:शुल्क शिक्षा के अधिकार/ दायित्व को किस संविधान संशोधन द्वारा भारतीय संविधान में जोड़ा गया?

(1) 42वें संविधान संशोधन, 1976

(2) 44वें संविधान संशोधन, 1978

(3) 86वें संविधान संशोधन, 2002

(4) 97वें संविधान संशोधन, 2011

82. सूची-I को सूची-II से मेल कीजिये और दिये गए कूट में से सही उत्तर को चिह्नित कीजिये:

| **सूची-I (अनुच्छेद)** | **सूची-II (प्रावधान/विषय)** |
|---|---|
| A. अनुच्छेद - 40 | (i) कृषि एवं पशुपालन का संगठन |
| B. अनुच्छेद - 41 | (ii) ग्राम पंचायतों का संगठन |
| C. अनुच्छेद - 44 | (iii) नागरिकों के लिये एक समान सिविल संहिता |
| D. अनुच्छेद - 48 | (iv) काम करने का अधिकार |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (3) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (4) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

83. भारत के प्रधानमंत्री के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन सही है?
   (1) प्रधानमंत्री मंत्रिपरिषद् का वास्तविक नेता होता है।
   (2) प्रधानमंत्री मंत्रिपरिषद् का नाममात्र का नेता होता है।
   (3) वह ससंद के प्रति उत्तरदायी नहीं है।
   (4) वह अपने मंत्रियों में से किसी को बर्खास्त नहीं कर सकता।

84. लोकसभा का कोरम कुल सदस्य संख्या का कितना होता है?
   (1) कुल सदस्य संख्या का $\frac{1}{5}$वाँ भाग
   (2) कुल सदस्य संख्या का $\frac{1}{8}$वाँ भाग
   (3) कुल सदस्य संख्या का $\frac{1}{10}$वाँ भाग
   (4) कुल सदस्य संख्या का $\frac{1}{15}$वाँ भाग

85. सर्वोच्च न्यायालय के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन सही है?
   (1) सर्वोच्च न्यायालय केवल मूल क्षेत्राधिकार रखता है।
   (2) यह केवल मूल एवं अपीलीय क्षेत्राधिकार रखता है।
   (3) यह केवल परामर्श संबंधी क्षेत्राधिकार रखता है।
   (4) यह मूल, अपीलीय और परामर्श संबंधी क्षेत्राधिकार रखता है।

86. निम्नलिखित में से कौन नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा अधिकार अधिनियम, 2009 के अंतर्गत शामिल नहीं है/हैं?
   (1) विद्यालय कार्य दिवसों और शिक्षकों के कार्य घंटों से संबंधित मानक तैयार करना।
   (2) प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में छात्र-शिक्षक अनुपात का निर्धारण करना।
   (3) संबंधित इमारत और अवसंरचना का मार्गनिर्देशन करना।
   (4) बालक-बालिकाओं के स्वास्थ्य संबंधी नि:शुल्क इलाज की व्यवस्था करना।

87. भारत में सेवाओं की राज्यवार तुलना के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   A. सेवा जीएसवीए हिस्सेदारी के संदर्भ में दिल्ली और चंडीगढ़ शीर्ष पर है, इनकी हिस्सेदारी 80 प्रतिशत से अधिक है।
   B. सेवा जीएसवीए में 31.7 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ सिक्किम सबसे निचले पायदान पर है।
   C. सेवा क्षेत्र का 15 राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्रों के सकल राज्य मूल्य वर्द्धन में आधे से भी अधिक का योगदान है।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   (1) केवल A (2) केवल B
   (3) केवल B और C (4) A, B और C

88. भारत सरकार द्वारा शुरू किये गए मेगा फूड पार्क्स योजना का क्या उद्देश्य है?
   (1) खाद्य फसलों की उत्पादकता बढ़ाना।
   (2) खाद्य मूल्यों पर नियंत्रण करना।
   (3) खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए अवसंरचना (ढाँचागत) सुविधाओं में सुधार करना।
   (4) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं।

89. निम्नलिखित में से किसने भारत में पहली बार 'व्यय कर' लगाने का सुझाव दिया था?
   (1) कॉल्डॉर ने (2) कलेरकी ने
   (3) गौतम माथुर ने (4) आर. जे. चेलैया ने

90. केलकर टास्क फोर्स की सिफारिशों का संबंध है-
   (1) बैंकिंग से (2) व्यापार से
   (3) करों से (4) विदेशी निवेश से

91. यदि 'ROSE' को कूट संकेत में '6821' लिखा जाता है, 'CHAIR' को कूट संकेत में '73456' और 'PREACH' को कूट संकेत में '961473' लिखा जाता है तो 'SEARCH' को कूट संकेत में क्या लिखा जाएगा?
   (1) 215643 (2) 215242
   (3) 214673 (4) 214423

92. गोपाल अपने घर से उत्तर दिशा की ओर मुख करके 20 मी. दूरी तय करता है और फिर बाईं तरफ मुड़कर 40 मी. दूरी तय करता है और फिर बाईं तरफ मुड़कर 20 मी. की दूरी तय करता है और फिर दाईं तरफ मुड़कर 20 मी. दूरी तय करता है तो बताइये वह अपने घर से कितनी दूरी पर है?
   (1) 40 मी. (2) 60 मी.
   (3) 20 मी. (4) 50 मी.

93. मोहन ने अपने पुत्र की तस्वीर की ओर संकेत करते हुए सुधा से कहा, 'उसकी माँ तुम्हारी माँ की इकलौती पुत्री है।' बताएँ सुधा का उस पुरुष से क्या संबंध है?

(1) पुत्री (2) पत्नी
(3) बहन (4) माँ





94. अनुक्रम 121, 225, 361 ............ का अगला पद है:

(1) 484 (2) 529
(3) 400 (4) 600

95. अनुक्रम 210, 195, 175, 150, 120 .......... का अगला पद है:

(1) 95 (2) 90
(3) 85 (4) 82

96. निम्नलिखित चार वेन आरेखों में से कौन-सा आरेख 'संगीतकारों', 'वादकों' तथा बेला वादकों के संबंध को सही रूप से निरूपित करता है।


(1)  (2) 
(3)  (4) 

97. यदि 

तो 



(1) 8 (2) 7
(3) 9 (4) 6

98. दी गई आकृति में त्रिभुजों की कुल संख्या है:







(1) 24 (2) 28
(3) 14 (4) 20

99. नीचे दिये गए समस्या चित्रों के अवयव एक निश्चित क्रम में परिर्वतित हो रहे हैं-




निम्नलिखित में से कौन-सा चित्र अगला होगा, यदि परिर्वतन उसी क्रम के अनुसार जारी रहे?

(1)  (2) 
(3)  (4) 

100. जिस प्रकार विकर्ण का संबंध वर्ग से है, उसी प्रकार व्यास का संबंध किससे है?

(1) पृथ्वी (2) वृत्त
(3) घड़ी (4) त्रिभुज

101. 200 लीटर क्षमता का एक बर्तन कुछ दूध से भरा हुआ है। इसमें से 75 लीटर दूध निकालकर उतना ही पानी मिला दिया गया। यही प्रक्रिया पुन: एक बार दोहराई गई। यदि अब बर्तन में 75 लीटर दूध बचा हुआ है तो आरंभ में बर्तन में कितना दूध था?

(1) 150 लीटर (2) 192 लीटर
(3) 170 लीटर (4) 182 लीटर

102. किसी निश्चित धनराशि पर 8% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से 5 वर्ष और 6 वर्ष में प्राप्त साधारण ब्याजों का अंतर ₹ 720 है तो वह धनराशि क्या है?

(1) ₹ 7200 (2) ₹ 6000
(3) ₹ 9000 (4) ₹ 9500

103. एक नल A किसी टंकी को 10 मिनट में एवं दूसरा नल B उसी टंकी को 15 मिनट में भर सकता है। कोई तीसरा नल C उस टंकी को 5 मिनट में खाली कर सकता है। यदि शुरुआत में केवल A एवं B खोले जाते हैं और 4 मिनट बाद C भी खोल दिया जाए तो टंकी कितनी समय में खाली हो जाएगी?

(1) 5 मिनट (2) 10 मिनट
(3) 15 मिनट (4) 20 मिनट

104. एक धनराशि को A, B, C, D में 5 : 2 : 4 : 3 के अनुपात में वितरित करना है। यदि C को D से ₹ 1000 अधिक मिले तो B का भाग ज्ञात कीजिये।

(1) ₹ 5000 (2) ₹ 1000
(3) ₹ 2000 (4) ₹ 4000

105. एक व्यक्ति किसी वस्तु पर 20% का लाभ प्राप्त करना चाहता है, लेकिन उस वस्तु के अंकित मूल्य पर 20% छूट भी देना चाहता है तो ऐसे अंकित मूल्य के लिये लागत मूल्य को कितने प्रतिशत बढ़ाना होगा?

(1) 25% (2) 20%
(3) 50% (4) 30%

106. एक व्यक्ति 60 किमी./घंटा की चाल से A से B तक जाता है तथा B से A तक 40 किमी./घंटा की चाल से वापस लौटता है तो पूरी यात्रा में उसकी औसत चाल ज्ञात करें-

(1) 50 किमी./घंटा (2) 46 किमी./घंटा
(3) 47 किमी./घंटा (4) 48 किमी./घंटा

107. एक रेलगाड़ी बिना रुके 150 किमी./घंटा की चाल से चलती है। परंतु किसी स्टेशन पर रुकने के साथ उसकी चाल 130 किमी./घंटा हो जाती है। रेलगाड़ी प्रतिघंटा कितने मिनट के लिये रुकती है?

(1) 8 मिनट (2) 10 मिनट
(3) 12 मिनट (4) 15 मिनट

108. यदि $\left(x+\frac{1}{x}\right)=4$ है तो, $\left(x^3+\frac{1}{x^3}\right)$ का मान बताइये?

(1) 280 (2) 52

(3) 82 (4) 64

109. गणितीय व्यंजक

$$4\div\left[(5-3)\div\left\{2\times3+4-8\div\left(5-2\times\frac{3}{2}\right)\right\}\right]$$

का मान क्या होगा?

(1) $\frac{1}{6}$ (2) 8

(3) 12 (4) $\frac{3}{8}$


110. 20 मीटर लंबाई और 8 मीटर चौड़ाई के एक कमरे के फर्श पर वर्गाकार टाइल्स बिछानी है। टाइल्स की लंबाई क्या होगी ताकि कम-से-कम टाइल्स में ही पूरा फर्श कवर हो जाए।

(1) 24 मीटर (2) 8 मीटर

(3) 4 मीटर (4) 2 मीटर

**प्रश्न संख्या 111 तथा 112 के लिये:**

निम्नलिखित पाई आरेख का अवलोकन कीजिये जिसमें एक पुस्तक के उत्पादन और उसकी बिक्री के दौरान विभिन्न मदों पर किये गए खर्चों के प्रतिशत को दिखाता है।




111. यदि छपाई-लागत राशि ₹ 17500 हो तो लेखक को मिलने वाली पारिश्रमिक राशि क्या है?

(1) ₹ 7500 (2) ₹ 8000

(3) ₹ 8500 (4) ₹ 7000

112. यदि मिश्रित मदों पर कुल लागत ₹ 6000 हो तो बाइंडिंग और कटाई लागत, लेखक-पारिश्रमिक से कितना अधिक है?

(1) ₹ 5000 (2) ₹ 4500

(3) ₹ 8500 (4) ₹ 9000

113. 'भरोसा' समर्थन केंद्र के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(1) हाल ही में यूनेस्को ने भरोसा में कौशल विकास केंद्र की स्थापना हेतु समझौता किया है।

(2) यह केंद्र सोसायटी पंजीकरण अधिनियम के तहत लाभकारी सोसायटी के रूप में पंजीकृत है।

(3) यह हिंसा से पीड़ित महिलाओं और बच्चों के लिये समर्थन हेतु एक अत्याधुनिक केंद्र है।

(4) यह किसानों को आर्थिक मदद करने की संबंधित है।

114. पर्यावरण निष्पादन सूचकांक, 2018 में शामिल 180 देशों में भारत का कौन-सा स्थान है?

(1) 177वाँ (2) 150वाँ

(3) 143वाँ (4) 152वाँ

115. भारतीय स्टेट बैंक द्वारा वैश्विक अनिवासी भारतीय केंद्र (Global NRI Centre) कहाँ खोला गया है?

(1) लखनऊ, उत्तर प्रदेश में

(2) जयपुर, राजस्थान में

(3) कोच्चि, केरल में

(4) भोपाल, मध्य प्रदेश में

116. वर्ष 2016-17 में भारत का सर्वाधिक तीव्र संवृद्धि वाला राज्य कौन रहा था?

(1) मध्य प्रदेश (2) छत्तीसगढ़

(3) राजस्थान (4) बिहार

117. भारत के प्रथम भुगतान बैंक 'भारतीय डाक भुगतान बैंक' को RBI द्वारा लाइसेंस कब प्रदान किया गया था?

(1) जनवरी, 2017 में (2) फरवरी, 2017 में

(3) मार्च, 2017 में (4) अप्रैल, 2017 में

118. पहली बार इबोला वायरस की पहचान कब की गई थी?

(1) वर्ष 1982 में (2) वर्ष 1976 में

(3) वर्ष 1972 में (4) वर्ष 1974 में

119. मार्च, 2018 में उच्चतम न्यायालय द्वारा ' पैसिव यूथेनेशिया' को किस अनुच्छेद के तहत अनुमति प्रदान की गई है?

(1) अनुच्छेद-20 के तहत

(2) अनुच्छेद-24 के तहत

(3) अनुच्छेद-21 के तहत

(4) अनुच्छेद-23 के तहत

120. भारत के सबसे बड़े ग्लोबल स्किल पार्क का शिलान्यास कहाँ किया गया है?

(1) भोपाल (मध्य प्रदेश) में

(2) पटना (बिहार) में

(3) जयपुर (राजस्थान) में

(4) रायपुर (छत्तीसगढ़) में

121. 29वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव, 2018 का आयोजन कहाँ हुआ?

(1) झुंझुनूँ (राजस्थान) में

(2) ऋषिकेश (उत्तराखंड) में

(3) लखनऊ (उत्तर प्रदेश) में

(4) भोपाल (मध्य प्रदेश) में

122. निम्नलिखित में से किस टीम ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2018 का मैच जीता है?
(1) कोलकाता नाइट राइडर्स (2) चेन्नई सुपर किंग
(3) सनराइजर्स हैदराबाद (4) राजस्थान रॉयल्स

123. ISSF विश्व कप, 2018 का आयोजन मेक्सिको में किया गया, इसमें भारत ने कुल कितने स्वर्ण पदक हासिल किये है?
(1) 3 (2) 6
(3) 4 (4) 7

124. सूची-I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिये तथा दिये गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये:

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| A. राष्ट्रीय मतदाता दिवस | (i) 14 दिसंबर |
| B. राष्ट्रीय सुशासन दिवस | (ii) 25 जनवरी |
| C. राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस | (iii) 24 दिसंबर |
| D. राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस | (iv) 25 दिसंबर |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (3) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (4) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |

125. विश्व पर्यावरण दिवस, 2018 की थीम (विषय) क्या थी?
(1) प्लास्टिक प्रदूषण की समाप्ति
(2) ध्वनि प्रदूषण की समाप्ति
(3) जल प्रदूषण की समाप्ति
(4) वायु प्रदूषण की समाप्ति

126. 11वाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन, 2018 का आयोजन कहाँ किया गया है?
(1) फ्राँस में (2) ब्रिटेन में
(3) मॉरीशस में (4) नीदरलैंड में

127. 'मुख्यमंत्री जन आवास योजना' का लाभ अधिकतम लोगों को प्राप्त हो सके, इसके लिये 16 फरवरी, 2017 को अधिकतम आय सीमा तीन लाख रुपये से बढ़ाकर कितना कर दिया गया है?
(1) चार लाख रुपये (2) पाँच लाख रुपये
(3) छः लाख रुपये (4) सात लाख रुपये

128. 13वें दक्षिण एशियाई खेल का आयोजन कहाँ होगा?
(1) नेपाल में (2) बांग्लादेश में
(3) मालदीव में (4) भूटान में

129. 55 वीं राष्ट्रीय शतरंज चैलेंज़र प्रतियोगिता, 2017 का आयोजन कहाँ किया गया था?
(1) जयपुर में (2) अहमदाबाद में
(3) नई दिल्ली में (4) मुंबई में

130. निम्नलिखित में से किस भारतीय महिला क्रिकेट खिलाड़ी ने वनडे क्रिकेट में 200 विकेट लेकर पहली महिला गेंदबाज के रूप में रिकॉर्ड बनाया है?
(1) मिताली राज (2) झूलन गोस्वामी
(3) हरमनप्रीत कौर (4) दीप्ती शर्मा

131. निम्नलिखित में से कौन-से देश शंघाई सहयोग संगठन के स्थापक सदस्य है?
(1) चीन, तुर्कमेनिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, ईरान, पाकिस्तान
(2) चीन, कज़ाकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान
(3) चीन, कज़ाकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, ईरान, अफगानिस्तान
(4) चीन, कज़ाकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, ईरान, पाकिस्तान

132. कोरोनल होल (Coronal Hole) का संबंध किससे है?
(1) ब्लैक होल से (2) न्यूट्रिनों से
(3) सौर तूफान से (4) पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से

133. किस राज्य ने महिला उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों (SHGs) को प्रशिक्षित करने हेतु 'शी मीन्स बिज़नेस' कार्यक्रम शुरू किया है?
(1) उड़ीसा ने (2) मध्य प्रदेश ने
(3) पंजाब ने (4) पश्चिम बंगाल ने

134. अप्रैल, 2018 से प्रदेश के दूसरे सैनिक स्कूल का प्रारंभ कहाँ किया गया है?
(1) सीकर में (2) अलवर में
(3) भरतपुर में (4) झुंझुनूँ में

135. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?
(1) दुनिया में यूरेनियम का भंडार अधिक होने के कारण इसे 'भविष्य का ईंधन' भी कहते हैं।
(2) फास्ट ब्रीडर रिएक्टर में 'सोडियम' को 'शीतलक' के लिये उपयोग किया जाता है।
(3) फास्ट ब्रीडर रिएक्टर जितने ईंधन की खपत करते हैं उससे ज़्यादा ईंधन का उत्पादन करते हैं।
(4) भारतीय परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के तीसरे चरण का उद्देश्य वाणिज्यिक विद्युत उत्पादन हेतु थोरियम का ईंधन के रूप में प्रयोग करना है।

136. प्रदेश के किन ज़िलों से होकर 'राष्ट्रीय राजमार्ग (NH)-11 गुज़रता है?
(1) श्री गंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर
(2) भरतपुर, दोसा, करौली
(3) नागौर, पाली, राजसमंद
(4) सिरोही, उदयपुर, चित्तौड़गढ़

137. राजस्थान की सर्वोच्च ऊँची चोटी गुरुशिखर की ऊँचाई कुल कितने मीटर है?
(1) 1710 मीटर (2) 1722 मीटर
(3) 1695 मीटर (4) 1705 मीटर

138. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म गलत सुमेलित है?

| उपक्रम का नाम | | स्थापना वर्ष |
|---|---|---|
| (1) हिन्दुस्तान मशीन टूल्स, अजमेर | : | 1967 |
| (2) मॉडर्न फूड्स इंडस्ट्रीज़, जयपुर | : | 1965 |
| (3) सांभर साल्ट लिमिटेड, जयपुर | : | 1960 |
| (4) इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड, कोटा | : | 1965 |

139. प्रदेश के किस जिले में 'छत्रविलास महल' अवस्थित है?
(1) जोधपुर में (2) उदयपुर में
(3) कोटा में (4) सिरोही में

140. प्रदेश में केशर बाग की छतरियाँ एवं विष्णुसिंह की छतरी कहाँ अवस्थित हैं?
(1) जैसलमेर में (2) बूँदी में
(3) जोधपुर में (4) अलवर में

141. नागफनी के पौधे में प्रकाश संश्लेषण निम्नलिखित में से किस भाग में होता है?
(1) तने में
(2) पत्तों में
(3) जड़ों में
(4) इनमें प्रकाश संश्लेषण नहीं होता

142. निम्नलिखित में से कौन-सा तापमान का मात्रक नहीं है?
(1) फॉरेनहाइट (2) केल्विन
(3) पास्कल (4) सेल्सियस

143. वनोन्मूलन से होने वाले प्रभावों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा गलत है?
(1) मृदा की जलधारण क्षमता घटती है।
(2) पृथ्वी पर तापमान के स्तर में वृद्धि होती है।
(3) भौम जलस्तर नीचे चला जाता है।
(4) मृदा के गुण अप्रभावित रहते है।

144. एन्डोसाइटोसिस (Endocytosis) का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(1) यह किसी कोशिका के बाह्य पर्यावरण से अपना भोजन तथा अन्य पदार्थ ग्रहण करने की प्रक्रिया है।
(2) यह पादप कोशिकाओं में होने वाला एक रोग है।
(3) यह किसी कोशिका द्वारा अपशिष्ट उत्सर्जन की प्रक्रिया है।
(4) इनमें से कोई नहीं।

145. जल की कठोरता के लिये निम्नलिखित में से कौन-सा/से तत्व उत्तरदायी है/हैं?
(1) सोडियम हाइड्रॉक्साइड
(2) कैल्शियम और मैग्नीशियम
(3) हाइड्रोजन और ऑक्सीजन
(4) कार्बोक्सिलिक अम्ल

146. निम्नलिखित में से कौन-सा महासागरीय क्षेत्र विश्व भर में सर्वोत्तम मत्स्यन क्षेत्र माना जाता है?
(1) समुद्र का वह क्षेत्र जो विषुवत रेखा के आस-पास है।
(2) वह क्षेत्र जहाँ शीत जलधाराएँ बहती हैं।
(3) वह क्षेत्र जहाँ गर्म एवं शीत जलधाराएँ मिलती हैं।
(4) वह क्षेत्र जहाँ गर्म जलधाराएँ बहती हैं।

147. 'बरखान' स्थलाकृति का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(1) मरुस्थल से (2) मैदानी क्षेत्र से
(3) तटीय मैदान से (4) द्वीप समूह से

148. मुगलों की 'मनसबदारी व्यवस्था' के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
A. अकबर की अपेक्षा जहाँगीर मनसबदारों को प्रति सवार अधिक वेतन देता था।
B. मुगलों ने मिश्रित सैनिकों की भर्ती की थी।
C. सवारों को उनकी राष्ट्रीयता और घोड़ों के स्तर पर वेतन दिया जाता था।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(1) केवल A (2) केवल B
(3) केवल B और C (4) A, B और C

149. शेरशाह और अकबर के बीच भूराजस्व प्रशासन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा व्यक्ति संबंधित था?
(1) टोडरमल (2) भारमल
(3) मलिक अंबर (4) भगवानदास

150. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा दिये गए कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये:

| **सूची-I (विद्रोही नेता)** | **सूची-II (विद्रोह का केंद्र)** |
|---|---|
| A. बहादुरशाह द्वितीय | (i) इलाहाबाद |
| B. बिरजिस कद्र | (ii) जगदीशपुर |
| C. कुँवर सिंह | (iii) लखनऊ |
| D. लियाकत अली | (iv) दिल्ली |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |

## आर.ए.एस./आर.टी.एस. (प्रारंभिक परीक्षा) 2018
## (सामान्य ज्ञान और सामान्य विज्ञान) मॉडल पेपर-3 उत्तरमाला

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (3) | 39. | (3) | 77. | (3) | 115. | (3) |
| 2. | (2) | 40. | (1) | 78. | (2) | 116. | (4) |
| 3. | (3) | 41. | (3) | 79. | (1) | 117. | (1) |
| 4. | (2) | 42. | (4) | 80. | (1) | 118. | (2) |
| 5. | (3) | 43. | (3) | 81. | (3) | 119. | (3) |
| 6. | (4) | 44. | (2) | 82. | (2) | 120. | (1) |
| 7. | (3) | 45. | (1) | 83. | (1) | 121. | (2) |
| 8. | (1) | 46. | (4) | 84. | (3) | 122. | (2) |
| 9. | (1) | 47. | (2) | 85. | (4) | 123. | (3) |
| 10. | (2) | 48. | (1) | 86. | (4) | 124. | (2) |
| 11. | (1) | 49. | (3) | 87. | (4) | 125. | (1) |
| 12. | (2) | 50. | (4) | 88. | (3) | 126. | (3) |
| 13. | (2) | 51. | (4) | 89. | (1) | 127. | (3) |
| 14. | (3) | 52. | (1) | 90. | (3) | 128. | (1) |
| 15. | (1) | 53. | (4) | 91. | (3) | 129. | (2) |
| 16. | (3) | 54. | (4) | 92. | (2) | 130. | (2) |
| 17. | (1) | 55. | (3) | 93. | (2) | 131. | (2) |
| 18. | (3) | 56. | (2) | 94. | (2) | 132. | (3) |
| 19. | (1) | 57. | (1) | 95. | (3) | 133. | (1) |
| 20. | (2) | 58. | (1) | 96. | (1) | 134. | (4) |
| 21. | (3) | 59. | (2) | 97. | (3) | 135. | (1) |
| 22. | (4) | 60. | (1) | 98. | (2) | 136. | (2) |
| 23. | (4) | 61. | (2) | 99. | (4) | 137. | (2) |
| 24. | (2) | 62. | (1) | 100. | (2) | 138. | (3) |
| 25. | (4) | 63. | (2) | 101. | (2) | 139. | (3) |
| 26. | (3) | 64. | (3) | 102. | (3) | 140. | (2) |
| 27. | (4) | 65. | (3) | 103. | (4) | 141. | (1) |
| 28. | (2) | 66. | (1) | 104. | (3) | 142. | (3) |
| 29. | (2) | 67. | (1) | 105. | (3) | 143. | (4) |
| 30. | (1) | 68. | (3) | 106. | (4) | 144. | (1) |
| 31. | (3) | 69. | (1) | 107. | (1) | 145. | (2) |
| 32. | (3) | 70. | (3) | 108. | (2) | 146. | (3) |
| 33. | (3) | 71. | (3) | 109. | (3) | 147. | (1) |
| 34. | (1) | 72. | (4) | 110. | (3) | 148. | (3) |
| 35. | (3) | 73. | (3) | 111. | (1) | 149. | (1) |
| 36. | (2) | 74. | (4) | 112. | (2) | 150. | (3) |
| 37. | (3) | 75. | (4) | 113. | (3) | | |
| 38. | (4) | 76. | (2) | 114. | (1) | | |